इंदौर
मंगलवार
3 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 140

दोपहर दैनिक
सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

भोपाल में रिटायर्ड आईएएस की हत्या के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर, आगरा से गिरफ्तार

भोपाल ● एजेंसी



भोपाल में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राकेश अग्रवाल हत्याकांड में पुलिस ने करीब एक महीने से फरार चल रहे हत्या के आरोपी और मृतक के केयरटेकर वरुण कुमार को आगरा से गिरफ्तार कर लिया। भोपाल लाते समय आरोपी ने पुलिस की गिरफ्त से भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उसका शॉर्ट एनकाउंटर कर दिया। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लग गई। उसे भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना सुबह 5 बजे की बताई जा रही है। जब पुलिस टीम मुगलिया इलाके के पास पहुंची थी तो आरोपी वरुण ने भागने की कोशिश की। आरोपी ने 29-30 सितंबर की रात को राकेश अग्रवाल की गला रेतकर हत्या की थी और कीमती सामान चुराकर भाग गया था।

फिर आया तबाही वाला तूफान

तेज हवा के साथ बारिश, कई फ्लाइट और ट्रेनें रद्द

मंगलवार.एजेंसी। बंगाल की खाड़ी से उठा मुरासु तूफान आंध्रप्रदेश के तट से टकरा गया। इसके बाद आंध्र और तमिलनाडु में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। इस तूफान के कारण करीब 30 उड़ानें रद्द करना पड़ीं और कई ट्रेनें भी रोकना पड़ीं। ओडिशा में 1 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। तेज हवा के कारण कई कच्चे मकान ढह गए और बड़ी तादाद में पेड़ गिर गए। आंध्र के कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया।

तुषार कपूर से मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

मुंबई.एजेंसी। टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के बाद अब अभिनेता तुषार कपूर को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी मिली। धमकी देने वाले ने अपना नाम हैरी बॉक्स बताया और तुषार से 5 करोड़ की रंगदारी की बात की।

धनतेरस पर सोना चांदी खरीदने को लेकर असमंजस


मंगलवार.एजेंसी। सोना-चांदी में आ रही गिरावट के बीच ये खबरें आ रही हैं कि सोना-चांदी के दाम और गिरेंगे, ऐसे में वे लोग असमंजस में हैं जो कि धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदते हैं। कारोबारियों को यह डर सता रहा है कि कहीं इस बार धनतेरस फीकी न रह जाए। उधर शेयर बाजार आज 600 अंकों की बढ़त के साथ खुला। निफ्टी में भी बढ़त दर्ज की गई। उधर कच्चा तेल पिछले दो दिनों में 9 फीसदी गिरकर 104.54 डॉलर बैरल पर आ गया।

बांग्लादेश बॉर्डर पर स्मगलरों ने जवानों को घेर कर मारा

अगरतला.एजेंसी। त्रिपुरा के सिपाहीजला जिले के बॉक्सानगर क्षेत्र में तस्करों के एक समूह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 3 जवानों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावरों ने जवानों से उनके सर्विस हथियार छीनने की भी कोशिश की और सरकारी वाहन में तोड़फोड़ की।

वोटिंग के कुछ घंटे पहले अमेरिका का ईरान पर हमला

मंगलवार.एजेंसी। अमेरिका में मिड टर्म चुनाव के लिए आज वोटिंग होना है। वोटिंग से पहले अमेरिका ने ईरान के केश्म द्वीप पर हमला किया जिससे यहां पांच धमाके हुए। उधर ईरान ने दो अमेरिका जासूसी ड्रोन को गिराने का दावा किया। ईरान पर हमले के बाद ट्रंप ने दावा किया कि हमने जंग जीत ली है और ईरान अब शांति की भीख मांग रहा है।












दीप पर्व दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...































संघ चलाएगा युवाओं को शाखा से जोड़ने के लिए अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देशभर में अपनी शाखाओं का विस्तार करने की तैयारी में है। फिलहाल देश में एक लाख से अधिक स्थानों पर संघ की शाखाएं संचालित हो रही हैं। संघ का मानना है कि युवाओं और किशोरों को संगठन से जोड़ने का शाखाएं सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

संघ देशभर में अपनी शाखाओं का विस्तार करेगा। फिलहाल एक लाख से ज्यादा स्थानों पर संघ की शाखाएं संचालित हो रही हैं। इनके दायरे को और बढ़ाया जाएगा। शाखाएं युवाओं और किशोरों को संगठन से जोड़ने का सबसे अच्छा माध्यम हैं। इसी कारण नए वर्ष में शाखाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया जाएगा। कल से यहां शुरू हुई बैठक में शाखा विस्तार के अलावा पंच परिवर्तन के क्रियान्वयन और पुराने कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में संघ के सभी 11 क्षेत्रों के क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र कार्यवाह और क्षेत्र प्रचारक तथा 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह और प्रांत प्रचारक शामिल हुए। इसके अलावा आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और सह संगठन मंत्रियों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है। संघ अपने अनुषांगिक संगठनों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार कर सकता है। इस विषय पर बैठक में मंथन होगा। बैठक 4 नवंबर तक चलेगी। इसमें संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से पंच परिवर्तन अभियान पर चर्चा होगी। इसके तहत संघ सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य के लिए जनजागरण करेगा।

राष्ट्रीयता की भावना को युवा पीढ़ी में बढ़ाना जरूरी



खजराना बप्पा की शरण में श्रद्धालु और भाजपाई

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खजराना गणेश मंदिर प्रवचन हॉल में 121 युगलों ने गणपति-महालक्ष्मी सहस्त्रार्चन किया। कार्यक्रम में भाजपाई भी पहुंचे और आयोजक के साथ श्रद्धालु भी मौजूद रहे। अक्षय कांति बम, संजय शुक्ला के अलावा राजेश बंसल, राजेश गर्ग केटी, जगदीश गोयल बाबाश्री, शीतल संजय तोड़ीवाला, रामचन्द्र शर्मा वैदिक, वर्षा बंसल सहित अन्य मौजूद थे।



भाजपाइयों ने की समस्या पर चर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिवाली पर दीपक बेचने के लिए आए प्रजापत समाज के लोगों की समस्या के लिए भाजपा नेता सुनील पुरोहित को अवगत कराया। पुरोहित ने क्षेत्रीय पार्षद मृदुल अग्रवाल, ललित यादव को मौके पर बुलाकर समस्या का समाधान कराया। पार्षद ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा। इस दौरान कैलाश प्रजापत सहित दीए बेचने वाले फुटकर व्यवसाई मौजूद थे।

भाजपा नेता ने लिखा टीआई के लिए मुख्यमंत्री को पत्र

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांसद प्रतिनिधि और भाजपा नेता संतोष वाधवानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा। देवास जिले के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी के साथ अवैध तस्करों ने घटना कर दी। पत्र में अवैध शराब तस्करों की कार्रवाई में शहीद हुए टीआई को न्याय दिलाने, उनके परिवार को सम्मान और आर्थिक, सुरक्षा प्रदान करने के साथ आगामी दिनों में भी प्रदेश भर में पुलिस अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने बाबद यह पत्र लिखा गया। थाना प्रभारी के साथ हुई घटना को सम्पूर्ण समाज के लिए पीड़ा दायक भी बताया। आर्थिक सहायता, अनुकम्पा नियुक्ति और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है।

आप ने मांगा शराब तस्करी के नेटवर्क पर जवाब

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव ने देवास जिले के खातेगांव थाना प्रभारी टीआई दिलीप पुरी की अवैध शराब तस्करी रोकने की कार्रवाई के दौरान हुई मौत को गम्भीर घटना बताया। इस मामले में सरकार से जवाबदेही तय करने की माँग की है। यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में अवैध शराब का कारोबार इतना बेखौफ कैसे है कि इसे रोकने निकले पुलिस अधिकारी को अपनी जान गंवानी पड़ी? केवल आर्थिक सहायता और नौकरी की घोषणा से काम नहीं चलेगा। यादव ने कहा कि घटना की उच्चस्तरीय जाँच समय पर कराई जाए जो भी दोषी है उन पर सख्त कार्रवाई हो। इस शराब के पीछे कौन लोग थे उन पर भी सख्त कार्रवाई होना चाहिए। किसी अधिकारी या राजनेता की मिलीभगत सामने आती है तो उसमें भी कार्रवाई की जाए।

सांसद थरूर का स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर इंदौर के डेली कॉलेज आए तो उनसे प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनय बाकलीवाल ने स्वागत कर चर्चा भी की।



नई पानी की टंकी के लिए भूमि पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधायक महेन्द्र हार्डिया ने अपनी विधानसभा के वार्ड 50 में क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन द्वारा दिए गए नई टंकी के प्रपोजल की स्वीकृति के बाद भूमिपूजन किया। पुष्यमित्र भार्गव, राजीव जैन, बबलू शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



टी आई को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

शराब माफियाओं पर कार्रवाई की मांग को लेकर बनाई मानव श्रृंखला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि देवास जिले में शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर खातेगांव पुलिस थाने के थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की हत्या कर दी गई। जिस देवास में हाल ही में जहरीली शराब के कारण कई लोगों की मौत हुई वहां पर शराब माफिया के यह हौसले निश्चित तौर पर भाजपा और राज्य सरकार की ओर से उन्हें मिली सुरक्षा के प्रतीक है। इस घटना का विरोध करते हुए शहर कांग्रेस के द्वारा कल शाम रीगल तिराहा स्थित गांधी प्रतिमा पर थाना प्रभारी को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।





इसके बाद कांग्रेस जनों ने रीगल तिराहे पर ही मानव श्रृंखला बनाकर पूरे प्रदेश में शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की आवाज उठाई। चौकसे ने कहा कि देवास और सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों के कारण हाल ही में इन दोनों जिलों के कलेक्टर और एसपी बदले गए हैं। शासन ने अधिकारियों का तो तबादला कर दिया लेकिन इन दोनों शहरों में शराब के माफियाओं का खात्मा नहीं किया। इन माफियाओं के द्वारा जिस तरह से काम किया जा रहा है वह पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। अब भी यदि राज्य सरकार के द्वारा इन माफियाओं के खिलाफ सीधी कार्रवाई शुरू नहीं की गई तो कांग्रेस बड़ा जन आंदोलन करेगी। चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे, अमन बजाज, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, सादिक खान सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

वहीं जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ संगठन के जीतू दीवान अपने साथियों के साथ पहुंचे और उन्होंने भी थाना प्रभारी रहे दिलीप पुरी गोस्वामी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

आम नागरिकों पर जुर्माने की मार, कार वॉशिंग सेंटर और आरओ प्लांट पर मेहरबानी

पानी बर्बाद करने पर 2 से 10 हजार तक पेनल्टी, लेकिन बड़े व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए नियम तय नहीं; अधूरी जल नीति को एमआईसी की मंजूरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर में पानी की बर्बादी रोकने के लिए नगर निगम ने आम नागरिकों पर जुर्माने का शिकंजा कस दिया है। नल से पानी बहाने पर पहली बार 2 हजार, दूसरी बार 5 हजार और तीसरी बार 10 हजार रुपए जुर्माना लगेगा। नल कनेक्शन पर मोटर लगाकर पानी खींचने पर भी पहली बार 5 हजार और दूसरी बार 10 हजार रुपए पेनल्टी तय की गई है। लेकिन शहर में रोजाना हजारों लीटर पानी खर्च करने वाले कार वॉशिंग सेंटर, आरओ प्लांट और निर्माण कार्यों के लिए कोई स्पष्ट नियम तय नहीं किए गए। सोमवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई एमआईसी बैठक में जल नीति को मंजूरी तो दे दी गई, लेकिन इसके कई अहम प्रावधानों पर फैसला नहीं हुआ।

कार वॉशिंग सेंटरों में नर्मदा और बोरिंग के पानी से गाड़ियों की धुलाई पर रोक लगाने और उन्हें ट्रीटेड वॉटर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी थी। इसी तरह आरओ प्लांट से पानी बेचने वालों और निर्माण कार्यों में पेयजल के उपयोग को लेकर भी नियम तय होने थे। ट्रीटेड वॉटर का उपयोग अनिवार्य करने और उल्लंघन पर जुर्माने का प्रावधान भी स्पष्ट नहीं किया गया। टैंकरों से पानी लीकेज होने पर 10 हजार रुपए जुर्माने की बात भी कही गई थी, लेकिन नीति में इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। गर्मी में जल संकट से निपटने के लिए निगम 300 नलकूप और 33 टैंकर खरीदेगा। वहीं 12 नवंबर से अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने के लिए 21 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा।

नई कॉलोनियों और मल्टियों में ट्रीटेड वॉटर की लाइन अनिवार्य

जलकार्य समिति प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा ने बताया कि नई कॉलोनियों को विकास अनुमति देते समय ट्रीटेड वॉटर की लाइन डालने की शर्त को एमआईसी ने मंजूरी दी है। यह प्रावधान नई बनने वाली मल्टियों पर भी लागू होगा और बिल्डरों को इसके लिए व्यवस्था करनी होगी। नगर निगम भी ऐसी मल्टियों में ट्रीटेड वॉटर की सप्लाई के लिए मॉडल तैयार कर रहा है। इसके अलावा 20 एमएलडी क्षमता की चार ट्रीटेड वॉटर टंकियां बनाने का निर्णय लिया गया है। इनसे उपचारित पानी का उपयोग पेयजल के बजाय अन्य जरूरतों में किया जा सकेगा।

पेड़ों की कटाई और घटिया सड़क निर्माण पर 1.70 करोड़ के अतिरिक्त भुगतान पर रोक

जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर के मुताबिक, सुदामा नगर से विश्वकर्मा नगर तक घटिया सड़क निर्माण और बिना अनुमति 26 पेड़ काटने के मामले सामने आए हैं। मधुमिलन आदर्श और भानगढ़ सड़क निर्माण में भी लापरवाही पाई गई। दोनों फर्मों अवि एंटरप्राइजेस और पीडी अग्रवाल ने कुल 1.70 करोड़ रुपए के अतिरिक्त भुगतान की मांग की थी। एमआईसी ने निर्माण कार्यों में अनियमितता की जांच जारी रहने तक अतिरिक्त भुगतान के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। साथ ही पैचवर्क की निगरानी में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई और समय पर काम नहीं करने वाले ठेकेदारों से काम वापस लेने के निर्देश दिए गए हैं।

एमआईसी बैठक में शहर की जल नीति को स्वीकृति दी गई है। शहरवासियों से अपील है कि वे पानी की बर्बादी न करें। 21 दिनों तक अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने का अभियान चलाया जाएगा।

-पुष्यमित्र भार्गव, महापौर

सोशल मीडिया के प्रचार से परेशान हो गया निगम

अब ट्रीटेड वॉटर ले जाने वाले टैंकर पर लगाई जाएगी पीली पट्टी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम भी सोशल मीडिया पर उसके खिलाफ किए जाने वाले प्रचार से परेशान हो गया है। इसके चलते हुए निगम के द्वारा फैसला लिया गया है कि अब ट्रीटेड वॉटर ले जाने वाले टैंकर पर पीली पट्टी लगाई जाएगी। इस फैसले के माध्यम से चाहे जब वीडियो वायरल कर निगम की घेराबंदी करने के प्रयासों को रोका जाएगा।

चाहे जब वीडियो वायरल कर निगम की घेरा बंदी को रोकने की कोशिश

पिछले कुछ महीने में सोशल मीडिया पर बहुत सारे वीडियो वायरल हुए हैं। इस वीडियो में नगर निगम के टैंकर को कहीं पर रोड डिवाइडर धोते हुए दिखाया जाता है तो कहीं पर मेट्रो रेल कंपनी के द्वारा पार्टीशन के लिए लगाए गए लोहे के पतरे धोते हुए दिखाया जाता है। इसके साथ ही इस बारे में तैयार किए गए वीडियो को सोशल मीडिया पर यह कहते हुए वायरल किया जाता है कि नगर निगम के द्वारा उपयोगी पानी का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा यह सवाल भी उठाया जाता है कि जब नागरिक थोड़ा सा भी पानी खराब करने लगते हैं तो निगम की टीम आकर उनका चालान बना देती है लेकिन जब निगम खुद पानी खराब कर रहा है तो उस पर कार्रवाई कौन करेगा?

इस स्थिति से इंदौर नगर निगम भी अब परेशान हो गया है। यही कारण है कि नगर निगम के द्वारा यह फैसला लिया गया है कि अब सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से ट्रीट किया गया पानी लेकर जाने वाले टैंकरों पर पीली पट्टी लगाई जाएगी। इससे टैंकर को एक बार देखने से ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि इस टैंकर में नर्मदा का साफ पानी है या ट्रीट किया गया पानी है। अभी दोनों तरह के पानी ले जाने वाले टैंकर एक समान है। इसके चलते हुए पानी को लेकर लोगों में गलतफहमी पैदा हो जाती है। अब नगर निगम के द्वारा इस समस्या का स्थाई समाधान करने की दिशा में पहल की गई है।

सुधार लो अपने-अपने टैंकर

नगर निगम की महापौर परिषद की कल हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है कि टैंकर से आने और जाने के दौरान जो पानी सड़क पर फालतू में गिरता है उसे रोकना जरूरी है। इसके लिए किराए पर टैंकर देने वाले ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि वह अगले 7 दिन के अंदर अपने टैंकर में सुधार का कार्य करवा लेवे। अब किसी भी टैंकर से पानी ढुलता हुआ नजर नहीं आना चाहिए। इसके साथ ही निगम के अधिकारियों से भी कहा गया है कि नगर निगम के खुद के जो टैंकर है उसमें भी इस अवधि में सुधार कार्य करवा लेवे। यदि सुधार नहीं होता है और उसके बाद भी टैंकर से पानी गिरता हुआ नजर आया तो ऐसे टैंकर का भी चालान बनाकर नगर निगम के द्वारा जुर्माना वसूल किया जाएगा।

अब राला मंडल पर बनेगा बीमार जानवरों के इलाज का सेंटर

15 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित किया जाएगा रेस्क्यू होम, डॉक्टर की हुई नियुक्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

वन विभाग द्वारा राला मंडल पर बीमार जानवरों के इलाज का केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए 15 हेक्टेयर क्षेत्र को चिन्हित किया गया है, जहां पर रेस्क्यू होम बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार के द्वारा डॉक्टर की नियुक्ति भी कर दी गई है।

इंदौर और उसके आसपास के क्षेत्र में जंगल में से निकलकर जानवर आजकल आबादी वाले क्षेत्र में आने लगे हैं। इसके साथ ही कभी बीमार तो कभी घायल अवस्था में भी जानवर मिल रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब तक इन जानवरों को इलाज के लिए या तो इंदौर के चिड़ियाघर में भेजा जाता था या फिर भोपाल के वन विहार में भेजने का काम किया जा रहा था। इस तरह के मामलों के बढ़ जाने के कारण वन विभाग के द्वारा अब इंदौर के राला मंडल में ही 15 हैकटेयर क्षेत्र में इन जानवरों के इलाज के लिए रेस्क्यू होम की स्थापना करने की पहल की गई है। इस बारे में विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया गया है। इस प्रस्ताव के आधार पर सरकार के द्वारा इस रेस्क्यू होम के लिए डॉक्टर निखिल बालके की नियुक्ति भी कर दी गई है।

इस नियुक्ति के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि अब सरकार के द्वारा इस रेस्क्यू होम की स्थापना के प्रस्ताव को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दी जा रही है। वन विभाग इंदौर के द्वारा तैयार किए गए इस प्रस्ताव में कहा गया है कि जानवरों को पकड़ने के बाद उनको रखना और उनका इलाज करने की व्यवस्था इस स्थान पर की जाएगी। रालामंडल की पहाड़ी कुल 234 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। इसमें से 15 हेक्टेयर क्षेत्र में यह रेस्क्यू हम विकसित किया जाएगा। यहां पर जानवरों के लिए दो बाड़े भी बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जानवरों के लिए नए पिंजरे भी रखे जाएंगे। इस स्थान पर मेडिकल स्टाफ दवाइयां और उपकरण की भी व्यवस्था की जाएगी।

तेंदुआ का किया है इलाज

पिछले दिनों चोरल मंडल में जो तेंदुआ पकड़ा गया था उसे रालामंडल पर ही लाया गया था। यहां पर चिकित्सकों के द्वारा जब तेंदुआ का परीक्षण किया गया तो यह पाया गया कि वह वायरल फीवर से पीड़ित है। ऐसी स्थिति में इस तेंदुआ का इलाज रालामंडल पर ही किया गया। इसके बाद में जो तेंदुआ घायल अवस्था में मिला उसके इलाज के लिए पर्याप्त दवाइयां और उपकरण रालामंडल पर मौजूद नहीं होने के कारण उसे वन विहार भोपाल में भेजा गया है जहां पर की इस तेंदुआ का इलाज किया जा रहा है। इस इलाज में अब तक चिकित्सकों ने यह पाया है की उम्र ज्यादा हो जाने के कारण यह तेंदुआ बहुत कमजोर हो गया है। अब यह तेंदुआ शिकार करके अपना पेट भरने की स्थिति में भी नहीं रहा है।

निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नियमों में शिथिलता जरूरी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ़ इंडिया की वार्षिक बैठक 'चिंतन शिविर' ब्रिलियन्ट कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हुई। जिसमें मध्यप्रदेश एवं फार्मासिस्ट के दिल्ली व गुजरात के 100 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। चिंतन शिविर में प्रतिनिधियों ने कहा कि उच्च क्वालिटी, रीजनेबल रेट और बेहतर सर्विस होने से भारतीय दवाइयां की विदेशों में बहुत मांग है। जिसे यहां का दवा निर्माता बड़े पैमाने पर करना चाहता है परंतु निर्यात की प्रक्रिया में लगने वाले डॉक्यूमेंटेशन और अत्यधिक समय फार्मा कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल आफ इंडिया की बैठक में यह मुद्दा फॉर्म प्रतिनिधियों ने उठाया उन्होंने सेंट्रल ड्रग्स एवं स्टेट ड्रग अथॉरिटी के अधिकारियों से कहा कि दस्तावेजों की लंबी प्रक्रिया एवं नए नियमों के कारण एक्सपोर्ट में अनावश्यक देरी होती है,नियमों को व्यावहारिक एवं सरल बनाने की आवश्यकता है। सांसद शंकर लालवानी, जेपी मूलचंदानी, राजा भानू, मनोज पुष्प, नवनीत पी सिंह, अमित चावला, हिमांशु शाह, सुधीर बोरा, अजय दासुदी, अभिजीत मोतीवाले सहित अन्य मौजूद थे।

गेट पर कार अड़ाने का विरोध करने पर गार्ड से धक्का-मुक्की

इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित पीयू-4 इलाके में कार को गलत तरीके से पार्क करने का विरोध करने पर चालक ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, मौके से जाते समय आरोपी ने गार्ड के मालिक की खड़ी कार में भी अपनी कार से टक्कर मारकर नुकसान पहुंचा दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, फरियादी सुरेश पिता भगवान दास दुबे, निवासी अरण्य नगर, स्कीम नंबर 78) ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह पीयू-4 क्षेत्र में ड्यूटी पर थे। इस दौरान आरोपी कृष्णनाथ फुन्दे वहां आया और अपनी कार सीधे गेट के सामने अड़ाकर खड़ी कर दी। जब सुरेश ने गाड़ी साइड में लगाने को कहा, तो आरोपी गालियां देने लगा और धक्का-मुक्की कर नीचे गिरा दिया। इसके बाद सुरेश अपने मालिक सुमनदीप को बुलाकर लाए। मालिक के समझाने के बाद जब वे वापस जाने लगे, तब कार चालक ने अपनी कार तेजी से रिवर्स करते हुए सुमनदीप की होंडा डब्ल्यूआरवी कार क्रमांक एमपी-09 डब्ल्यूवी 9139 में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी की डिक्की वाले हिस्से में नुकसान हुआ।

आयुक्त ने ली जलप्रदाय के संबंध में वर्चुअल बैठक

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जलप्रदाय से संबंधित अधिकारियों, समस्त जोनल अधिकारी,सहायक यंत्री,उपयंत्री के साथ वर्चुअल मीटिंग की। जलप्रदाय,लीकेज के कारण पानी के व्यर्थ बहने पर चिंता व्यक्त करते हुए लीकेज को रोकने के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयुक्त ने बैठक में जल कनेक्शन निगम के अधिकृत पलम्बर द्वारा ही कराने तथा जो लाइन है उसमें से कनेक्शन देते वक्त पूर्ण रूप से सावधानी पूर्वक पैकिंग आदि के संबंध में निर्देश दिए क्योंकि कई बार पर्याप्त पेकिंग नहीं होने से जल लीकेज होने के साथ ही गंदे पानी की समस्या उत्पन्न होती है। जहां पर डबल पानी की लाइन है वहां पर सर्वे कर जिस लाइन की आवश्यकता नहीं है उसे बन्द करने के निर्देश दिए तथा लीकेज की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल लीकेज को सुधार करने के निर्देश दिए गए। क़हीं लीकेज होता है तो सात दिन के अंदर सुधार किया जाए। पाइप लाइन और वाल्व में लीकेज 48 घंटे में ठीक किया जाए, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को अपने-अपने क्षेत्र में निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सी. एस. धरमचंद
क्षमा
100% शुद्ध की ग्यारंटी
ऑटो मोबाइल्स
शुभदीपावली
आई बी पी
IBP
आवश्यकता है
फूटीकोठी स्थित क्षमा पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल, डीजल, हवा भरने हेतु (9 घण्टे, 12 घण्टे) मेहनती जरूरतमंद व्यक्तियों की।
94071-46707
डीलर आय.बी.पी.कम्पनी लिमिटेड स्कीम नं. 71 प्लॉट नं. AX-7-रिंग रोड, इंदौर, फो- 2480245

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
मंगल स्वीट्स
सेठ गिरिराज जी हलवाई परिवार, इंदौर
गगन मंगल
9826343535
गोपाल दास मंगल
94075 11000
161-162 आर,एन,टी मार्ग छावनी इंदौर

खुशी एवं प्रकाश का महापर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
अनुज यादव
नक्ष यादव
आकाश यादव

जय भवानी
जय शिवाजी
संस्था मातोश्री
शुभ दिवाली
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
माँ लक्ष्मी एवं भगवान श्री गणेश जी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली का प्रकाश सदैव बना रहे। आप सभी को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।
शुभकामनाएँ प्रेषक
शिवसेना पुचा सेना, जिला इंदौर (म.प्र.)
रवि दामके फोटोग्राफी (स्टूडियो फोटो स्टेशन)
धनराज दामके

दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
बधाईकर्ता- मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन संभाग इन्दौर

गिरीश पावेचा
गौरव पावेचा
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
पार्श्वनाथ
टिम्बर कार्पोरेशन
टाइल्स ● मार्बल ● ग्रेनाइट ● टिम्बर प्लायवुड
दरवाजे ● चौखट ● सेनेटरी वेयर्स के होलसेल विक्रेता
500/3, जीएनटी मार्केट, धार रोड़, इंदौर
(M.) 9826340091, 9179186548, Email : pawecha@gmail.com

दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएँ
मुख्य संरक्षक नरेंद्र शिवाजी पटेल
अध्यक्ष दीपक जैन टीनू
महासचिव डॉ. एचएस रुप्पल
कोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह
मध्यप्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन
संबद्धता : हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया

इंदौर की 80 वर्ष पुरानी, परंपरा और भरोसे की पहचान पाटौदी मसाले यहाँ हर मसाला बिना किसी मिलावट के शुद्धता और स्वाद की गारंटी के साथ उपलब्ध है।
पाटौदी मसाले
दीपावली की हार्दिक बधाई
80 सालों की विश्वसनीयता का स्वाद
शुद्धता का वादा - स्वाद का इंदौरी अंदाज़!
पाटौदी मसाले – जहां हर दाना बोलता है भरोसा
खासियत : खड़े मसालों को आपके सामने ताज़ा पीसा जाता है, कोई मिलावट नहीं।
सिर्फ़ स्वाद और सुगंध, इंदौर की परंपरा गुणवत्ता और विश्वास का प्रतीक।
85/1, सर हुकुमचंद मार्ग, इन्दौर

दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
ज्वेल पेलेस
मनावर

Ghanshyam Kasturi (G.K.)
8839372696
Avinash Kasturi
8815558914
HAPPY Diwali
HARI SHANKAR STEEL
Address : Ram Laxman Bazar, Indore (M.P.)
E-mail : kasturiavinas88122@gmail.com

Shri Hari Kripa Enterprises
Total plumbing solution
Deals In all kinds of Sanitary wares and building materials
Ankit Sharma
Yogendra Sharma
9977334605
9827503724
Happy Diwali
06, Somani Nagar 60 Feet Road Behind Airport Road Indore - 452005
shkenterprises2019@gmail.com, www.shriharikripaenterprises.com

Happy Diwali
श्री कुमावत पॉवर टूल्स एण्ड केमिकल
सभी प्रकार की मशीनें बेची व रिपेयर की जाती है
मो. 7000656367, 9993131539
प्रो. अंकित कुमावत
पता- 3668 ई-सेक्टर सुदामा नगर, हवा बंगला रोड, सांई मंदिर के सामने, इन्दौर

शुभ दीपावली
बेडशीट के थोक विक्रेता
अग्रवाल
हेण्डलूम
85/11, भरत मार्ग, (नलिया बाखल) इन्दौर
मो. 98260-83585

एनआर किचन वेयर ने 40 सालों के सफर पर किया आयोजन







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एनआर किचन वेयर का काम 40 वर्षों से महावीर मार्ग-जवाहर मार्ग के समीप राम लक्ष्मण बाजार में चल रहा है। इन 40 सालों में काम और ब्रांच भी बढ़ी, टीम भी जुटी और मजबूत सफर ने आत्मविश्वास के साथ दो नामों की एक टीम में् बदला। बढ़ी हुई टीम ने नए मुकामों को भी हांसिल किया। 40 साल पुराना छोटा काम अब किचन वेयर आयटम ने बड़ी जगह ले चुका है। रवीन्द्र डांगी ने बताया कि अच्छे मुकाम तक पहुंचने के लिए उसूल नहीं बदले, आत्मविश्वास बनाए रखा, आदर्शों, पारदर्शिता, मृदुभाषिता,दूरदर्शिता, एकजुटता के गुण ने अब नई पीढ़ी को भी इस आधुनिक युग में अवसर दिया है। एक टीम अब एनआर किचन वेयर का परिवार बन चुका है, अभी भी नई ऊंचाइयों के शिखर को हासिल करने की पूरी कोशिश की जाती है। देशभर के अलग-अलग शहरों से चुन चुन कर एक्सक्लूसिव प्रोडस्टक्स लाने वाला परिवार किचन वेअर मे विश्वसनीय दुकान एन आर किचनवेअर ने अपने 40वीं वर्षगांठ को समारोह पूर्वक मनाया। बाहर से भी अतिथि आए। इनमें इन्दौर के बसंत शाह, कोयंबटूर से बालाकृष्णन, बैंगलूर से हर्ष भंसाली, वापी से पाकशाल जैन, वसई से धीरल जैन, कोलकाता से स्वप्निल शिंदे, चंडीगढ से केतन अरोड़ा की गौरवमयी उपस्थिति रही। दीप प्रज्जवलन के बाद मिलन का आयोजन हुआ। अतिथियों का सम्मान किया गया। बडी संख्या में डीलर भी मौजूद रहे। अतिथियों और उद्योगपतियों के अलावा बडे-छोटे डीलर मौजूद रहे। दीपावली के लिए आए नए उत्पाद को भी प्रदर्शित किया गया जो स्कीम योजना थी वह भी बताई गई। सभी ने एनआर किचन वेयर के संचालकों के व्यवहार, कार्यशैली की प्रशंसा की। स्टाफ को भी साधुवाद दिया गया। रवीन्द्र डांगी, नरेन्द्र डांगी, राहुल डांगी, वैभव डांगी, रोहित डांगी ने अतिथियों का स्वागत किया।

कसेरा बाजार स्कूल में विद्यार्थियों ने देखते ही देखते बनाई रंगोली

छात्राओं के साथ छात्रों ने भी दिखाई प्रतिभा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों के बीच फ्री-हैण्ड रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देखते ही देखते विद्यार्थियों ने अपने हिसाब से रंगोली अलग-अलग कलर में उकेरी। छात्राओं के अलावा छात्रों ने भी इसमें विशेष दिलचस्पी ली और कई छात्रों ने तो अपने को इस प्रतियोगिता में अग्रणी रखकर निर्धारित समय से पहले ही रंगोली उंकेर दी। इनमें सुमया सिरवैया, उत्सव जोशी, माधवी कौरव, जानवी बडेले, तोषिता पाटिल, सोनाक्षी जायसवाल विजेता रहे, जिन्हें प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने पुरस्कृत किया।

महाराष्ट्र समाज की रंगोली प्रतियोगिता होगी

फराल आयोजन भी होगा खाने के स्टॉल लगेंगे, प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत भी होंगे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महाराष्ट्र समाज, तरुण मंच एवं आध्यात्मिक साधना मंडल राजेन्द्रनगर का संयुक्त आयोजन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार 7 नवम्बर को राजेन्द्र नगर और आसपास की 25 से अधिक कालोनियों के निवासियों के लिए किया जाएगा। क्षेत्रीय रहवासी इस प्रतियोगिता में जवाहर सभागृह टंकी हॉल राजेन्द्र नगर में शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता में नकद पुरस्कार भी रखे गए हैं। इसके लिए नियम भी बनाए गए हैं और निर्णायक भी तय किए गए हैं। आयोजन के लिए शुभा देशपांडे, अरुणिमा राजुरकर, मीनल आठले, लता बडवे, मेधा जोशी, प्रीति जंगले, रेखा मुळे, मानसी बेहेरे, सुजाता कोरडे, स्मिता संगमनेरकर, मृणाल त्रिकांडे, शुभा खनगन, शिल्पा कर्पे आयोजन से जुड़े हैं। वहीं 7 नवम्बर को ही दोपहर से शाम तक दिवाली फराल जत्रा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें खाने-पीने के स्टॉल बिक्री के लिए लगेंगे उसके लिए अंजलि भागवत, वैशाली उध्वरेषे, भारती बुगदे, अर्चना पाटील, प्रगति देहाडराय, कल्पना रावेरकर, रत्ना सुपेकर, स्वाति तर्टे, हर्षा पेडणेकर, दीप्ति लाभांते आयोजन से जुड़े हैं। कार्यक्रम के संयोजक पार्षद प्रशांत बड़वे जो झोन अध्यक्ष भी है, साथ में मराठी समाज सचिव की भूमिका भी निभा रहे हैं वे कार्यक्रम से जुड़े हैं।

दोस्तों ने लिया पानी बचाने का संकल्प



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 50 वर्ष पुराने दोस्तों के 'द जीएससी ग्रुप' सदस्यों ने खंडवा रोड पर पारिवारिक पार्टी का आयोजन किया। गीत-संगीत का आयोजन भी हुआ और नृत्य भी किया गया। सभी ने पानी बचाने का संकल्प लिया। डॉ. दिलीप वागेला, योगेश रघुवंशी, सतीश शर्मा, किरण शर्मा, अनिल व्यास, सिंधु वागेला, उमेश दवे, शालिग्राम पाटीदार, सौरम देवी पाटीदार, कृष्णा व्यास, अनुपमा भटेवरा, अमिता रघुवंशी, अनिल भटेवरा, अनिल बाहेती ने अपनी भूमिका निभाई।

बैंक रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन का मिलन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्टेट बैंक ऑफ़ इंदौर रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन का मिलन आयोजन माई मंगेशकर सभागृह में किया गया। बाहर सहित इन्दौर के 700 सदस्यों ने परिवार के साथ शिरकत की। पुराने हिन्दी गानों की प्रस्तुति दी गई। एनएल माहेश्वरी, जेएस दिलावरी, सुगंधा बेहरे, एन.के. जैन, प्रकाश छाजेड मौजूद थे।



पुस्तक लोकार्पण एवं साहित्यकारों का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रीतमलाल दुआ सभागृह में साहित्यकार सुरेश उपाध्याय पर लेखक डॉ. अर्पण जैन द्वारा लिखित पुस्तक 'शब्द साधक सुरेश उपाध्याय' के लोकार्पण एवं साहित्यकार सम्मान का आयोजन किया गया। अतिथि लेखक सहित अन्य मौजूद थे।

मंगल मूर्ति रहवासियों ने जल बचाने की ली शपथ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नगर निगम द्वारा मंगल मूर्ति राहवासी संघ गार्डन पर जल है तो कल है और पानी की बरबादी नही करना ऐसी शपथ के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।



अध्यक्ष श्रवण वर्मा ने बताय कि सभी को रुपयों की तरह जल बचाने की राय दी गई। इस दौरान श्रवण वर्मा, आशीष पाटीदार, जयदीप मांजरेकर, हेमन्त तोमर, हरीश कपूर, बापुलाल पाटिल, मनीष सोनी एवं निगम के विश्वनाथ मालवीय, सुरेश कनेरिया, हाजी गोरी, बलवीर बघेला, कमलेश, स्नेह यादव, अनिता निगवाल सहित अन्य मौजूद थे।



वुमन ग्रुप का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वाओ वर्ल्ड ऑफ वुमन ग्रुप द्वारा संयुक्त रूप से धार्मिक आयोजन के अलावा ग्रुप से जुड़े सदस्यों के लिए तम्बोला और अन्य प्रतियोगी, मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सिख एवं सिंधी विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सिख एवं सिंधी विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग और वर्कशाप का आयोजन गुरुसिंघ सभा द्वारा कराया गया।



1150 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। करियर काउंसलर डॉ. अमृता दास ने मार्गदर्शन दिया।

माहेश्वरी बाइक राइडर्स ने किया हनुमान चालीसा का पाठ



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी राइडर्स क्लब की पहली सामूहिक बाइक राइड का आयोजन किया गया। राजेन्द्र नगर से इसकी शुरूआत की गई। सभी राइडर्स राजेन्द्र नगर से जानापाव पहुंचे, जहां भगवान परशुरामजी के दर्शन करने के बाद जानापाव जंगल में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पहुंचकर भगवान का पूजन और दर्शन किए, वहीं पर हनुमान चालीसा का पाठ सभी राइडर्स ने किया। आदित्य नवाल, मयंक मूंदड़ा, चिराग माहेश्वरी, गोविंद मारू, रवि समदानी, विकास असावा, गोविंदा सोड़ानी, वरुण सोनी मौजूद रहे। वहीं रजत लड्ढा, गौरव दरक, नीरज जाखेटिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

माहेश्वरी समाज का मिलन आयोजन होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर जिला माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष ईश्वर बाहेती ने बताया कि समाज के सभी क्षेत्रीय, सभी संगठन के साथ दीपावली मिलन समारोह का आयोजन सोमवार 9 नवम्बर सुबह 10 बजे बनवारीलाल जाजू सभागृह छत्रीबाग में आयोजित किया जाएगा।

अग्र बंधुओं ने अलग-अलग जगह पहुंचकर किया सेवाकार्य

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बाबाश्री अग्रशक्ति एवं मित्र मंडल, अग्रदया कपल्स ग्रुप एवं अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर ने 'आओ मिलकर साथ मनाएं दीपावली' का निर्वाह करते हुए जम्बूडी हप्सी, गोमटगिरि स्थित



नारायण धाम कुष्ठ आश्रम में निवासरत परिवारों के बीच पहुंचकर दीपावली की पूर्व बेला पर सेवाकार्य किया। सीतादेवी जगदीश गोयल, मुन्नीदेवी गोयल, प्रज्ञा-निलेश अग्रवाल, राधिका-सौरभ गोयल, मेघा-मुकुल गोयल, मुक्ति-गोपाल अग्रवाल, आरती-अरुण गोयल, सोनू अग्रवाल, अजय मित्तल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, अक्षय मित्तल, सोनी-हेमंत गोयल, नम्रता-राजेश गर्ग, मंजू-मनीष अग्रवाल, चन्द्रकान्ता-विनोद गोयल, राजेंद्र-संगीता गुप्ता, गिरीश-सारिका अग्रवाल, संगीता-अनिल अग्रवाल, अनूप-शिखा अग्रवाल मौजूद थे।

महासती ने बताई अंतरात्मा शुद्धि की महत्ता



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बिजासन रोड स्थित नरसिंह वाटिका में चातुर्मास में मौजूद महासती कुमुदलता म.सा. ने उत्तराध्ययन श्रुतदेव की आराधना के अंतर्गत धर्मसभा में अंतरात्मा की शुद्धि की महत्ता बताई और विस्तृत व्याख्या भी की गई। यह भी कहा गया कि व्यक्ति को कभी भी अपने रूप, संपत्ति, सत्ता, धन या पद का अहंकार नहीं करना चाहिए। बाहरी सुंदरता और सांसारिक वैभव स्थायी नहीं हैं। व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसके गुण, साधना और चरित्र से होती है। उक्त जानकारी प्रकाश भटेवरा ने दी।

अग्रवाल महासंघ ने 300 बच्चों को भेंट किए उपहार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल समाज के तत्वावधान में प्रारम्भ हुए सार्थक दीपावली अभियान के तहत विजयनगर अग्रवाल महासंघ की मेजबानी में ग्राम पीपल्या कुम्हार कांकड स्थित शासकीय उन्नत प्राथमिक विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों को दीपावली की खुशियों का बंटवारा किया गया। स्कूल के करीब 300 बच्चों को आतिशबाजी, मिठाई एवं खिलौने भी भेंट किए गए। किशोर गोयल ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह अभियान अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में किया गया।



अग्र मंच ने बच्चों और बुजुर्गों के साथ मनाई त्योहारी खुशी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था अग्र मंच ने दीपावली पर्व के पूर्व मानव सेवा आश्रम के बच्चों, बजुर्गों के बीच पहुंचकर सेवा कार्य किया गया। आशीष गोयल ने बताया कि सार्थक दीपावली की शुरूआत करते हुए सेवा कार्य में मिठाईयां, बिस्किट, पटाखे, फल एवं उपहार का वितरण किया गया। आशीष गोयल, दीपिका गोयल, संजय कुमुद बिंदल, रानू अग्रवाल, संजय चंचल अग्रवाल, गौरव मोना गोयल, निलेश धानुका, नवनीत शीना केडिया, शुभम इशा गर्ग, शिवनारायण अग्रवाल, संगीता गोयल, मनोज आरती अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

प्लास्ट पैक एक्सपो में 500 स्टाल लगेंगे 23 औद्योगिक शहरों में निकलेंगे रोड शो

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इसी माह 27 से 30 नवंबर तक लाभगंगा में प्लास्ट पैक एक्सपो का आयोजन होगा। इस प्रदर्शनी केंद्र में 500 स्टाल लगेंगे। 450 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। इस एक्सपो में 2 लाख से अधिक विज़िटर्स के आने की संभावना भी जताई गई। यह भी बताया कि 23 औद्योगिक शहरों में रोड शो निकाले जाएंगे। इसमें युवाओं के लिए विशेष 'जॉब प्लेसमेंट एण्ड रिक्रूटमेंट प्रोग्राम' और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रीय स्तर पर अनावरण आयोजन होगा।



93 परिवारों का सहयोग तीन आश्रमों में दिखा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



राष्ट्रीय खंडेलवाल दिगम्बर जैन संगठन, महिला संगठन, दंपति संगठन एवं नवयुगल युवा संगठन द्वारा तीन आश्रम में पदाधिकारी और सदस्यों ने पहुंचकर 93 परिवारों के सहयोग से सेवाकार्यों के अन्तर्गत बच्चों को वस्त्र और उपहार भेंट किए। इन्द्रकुमार वीणा सेठी, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, कल्पना बाकलीवाल, नमिता कासलीवाल, श्वेता काला, दीपाली बज, रश्मि पाटोदी, संगीता बड़जात्या, शेफाली गंगवाल, दीपिका गंगवाल, किरण बड़जात्या, किरण कासलीवाल, अनुराधा बिलाला, प्रिया सोनी, शर्मिला टोंग्या, विनीत पांड्या, मीना पाटनी, पुष्पा काला, मनोरमा काला, सरिता अजमेरा, कल्पना गोधा, निर्मला पाटनी, देवेंद्र, अंजू सेठी, संदीप गोधा, राजकुमार पाटनी, संदीप लुहाड़िया, सुमित्रा रावका, शशिप्रभा बाकलीवाल, कैलाश पाटनी, स्मृति जैन काला, किरण अजमेरा, मीता जैन, कल्पना सुनील जैन, उर्मिला दोषी, सुशीला जैन, मनोरमा अजमेरा, सुनीता पाटनी, रेखा बड़जात्या, पंकज, मोनिका अजमेरा, कैलाश लुहाड़िया, गिरीश पाटोदी सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।



आद्य गौड़ ब्राह्मण प्रतिभाओं का सम्मान, विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के रजत जयंती वर्ष पर समाज की 100 प्रतिभाओं का सम्मान एवं 45 जरूरतमंद बच्चों को छात्रवृत्ति का आयोजन किया गया। आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास एवं कुणाल शर्मा फाउंडेशन के इस आयोजन में डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी, कुणाल शर्मा, सुनीता शर्मा, अजय त्रिवेदी, सुरेश शर्मा, सुनील शर्मा, दीप्ति शर्मा, देवीप्रसाद शर्मा, सुनील शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राजकिशोर शर्मा, गौरव शर्मा, महेश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, सुमन शर्मा, मनोज शर्मा, चिन्मय शुक्ला, उपेन्द्र शर्मा, विजय शर्मा, दिनेश शर्मा, स्वागत शर्मा, कैलाश पाराशर, सत्येन्द्र शर्मा, गौरव शर्मा, कृष्ण बिहारी शर्मा, विकास अवस्थी, अनूप शुक्ला, आनंद पुरोहित, अमित शर्मा राजेंद्र महाजन उपस्थित थे।

ब्रोकर एसोसिएशन के प्रयास से मूकबधिर विद्यार्थी हुए खुश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर रियल स्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन ने दीपावली के पूर्व सेवाकार्य के अन्तर्गत मूकबधिर विद्यालय पहुंचकर वहां खाद्य सामग्री का वितरण किया। मूकबधिर विद्यार्थी खुश हुए। नरेंद्र जैन 'भटेवरा', पीयूष वाजपेई, प्रमोद द्विवेदी, सत्यनारायण प्रजापत, प्रकाश राठी, मनोज शर्मा, बसंत गोधा, दीपक नागर, अनिल शर्मा, अशोक रूपावत, अजय व्यास, अनिल परिहार, सचिन जैन, पवन नागर, प्रहलाद सोनी,



गौरव, केशव देवकते, मनीष योगी सेवाकार्य में मौजूद थे। अध्यक्ष नरेन्द्र जैन भटेवरा, सचिव पीयुष वाजपेयी ने बताया कि इंदौर रियल इस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन 15 नवम्बर रविवार को दोपहर 1.30 से 3.00 बजे तक अमृत ग्रीन गार्डन छोटा बांगड़दा में होगा। आयोजन के बाद भोजन का आयोजन किया जाएगा।



भूटान के शिक्षकों को बधिर शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बाइलिंगुअल एजुकेशन बधिर बच्चों में बेहतर समझ विकसित कर भविष्य में अपने सपनों को साकार करने की दिशा प्रदान करती है। भारत के चुनिंदा बधिर स्कूलों में से एक मूक बधिर संगठन द्वारा संचालित इंदौर डेफ बाइलिंगुअल एकेडमी की अधीक्षिका मोनिका पंजाबी वर्मा ने भूटान सरकार द्वारा वहाँ के बधिर छात्रों को शिक्षित करने हेतु चयनित 16 शिक्षकों की टीम को 7 दिवसीय बाइलिंगुअल एजुकेशन वर्कशॉप में प्रशिक्षण दिया। शिक्षकों को प्रमाण-पत्र दिए गए। मुरलीधर, डॉ. उषा पंजाबी, राजकुमार पंजाबी, देंचेन टीशरिंग, सुनील पाटीदार, यश पेट्रिक, सुरभि पंजाबी, अनिल परस्ते, श्याम ने अपनी भूमिका निभाई।

मस्जिदों में अच्छी अजान के लिए लगी कार्यशाला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सुन्नी अइम्मा कौंसिल खजराना ज़ोन की मस्जिदों में अज़ान देने वाले मुअज़्ज़िन हज़रात के लिए हुस्ने अज़ान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों से लगभग 40 मुअज़्ज़िन हज़रात ने भाग लिया। अज़ान देने के सही तरीकों, उच्चारण की शुद्धता, आवाज़ के उतार-चढ़ाव तथा अज़ान की अदायगी के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही अज़ान को बेहतर और प्रभावशाली अंदाज़ में देने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। मुफ़्ती नूरुल हक़ नूरी की मौजूदगी में गुलाम वारिस नूरानी ने प्रशिक्षण दिया।





अभ्यास मंडल का जल संरक्षण जागरूकता अभियान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संस्था अभ्यास मंडल ने स्कूल में विद्यार्थियों के लिए व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में जल संरक्षण जागरूकता अभियान का आयोजन कर ज्ञानार्जन कराया। जलभराव, वर्षा, भूजल, नदी, कुएं, तालाब, स्वच्छ जल, गन्दे जल का फिर प्रयोग बताते हुए नर्मदा नदी व कान्ह सरस्वती नदी पर बात की। विद्यार्थियों को जल जागरूकता के स्टीकर वितरित किए गए।

धरतेरस पर जिला न्यायालय में अवकाश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों में सभी प्रधान जिला व सत्र न्यायालयों और उनके अधीनस्थ-न्यायालयों में धनतेरस और दीपावली के अवसर पर 6 से 10 नवम्बर तक अवकाश रहेगा। धनतेरस पर अवकाश घोषित किया गया है। अब 11 नवम्बर को प्रधान जिला और सत्र न्यायालय में भी स्थानीय अवकाश की जानकारी कचोलिया ने दी है।



थाना प्रभारी का स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चंदननगर थाना प्रभारी पद पर नियुक्त हुए वेदेन्द्रसिंह कुशवाह का स्वागत सादिक खान, नौशाद खान, सोनू शाह, कामिल, इम्तियाज सहित अन्य मौजूद थे।

डाक तार सहकारी संस्था ने सदस्यों का किया सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। डाक-तार सहकारी संस्था द्वारा अपने सदस्यों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह में लगभग 3000 सदस्य शामिल हुए । विशेष बात यह रही कि 60 से 93 वर्ष तक की आयु के वरिष्ठ सदस्य भी उत्साहपूर्वक उपस्थित हुए। आरएस होरा, सुनील फण्डसे, मनमौहन झांझरी, सुरेन्द्रसिंह छाबड़ा, राजकुमार देवकर सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



ब्रेथ पुस्तक का विमोचन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नियमित व्यायाम और प्रदूषण से बचाव से रखें फेफड़े स्वस्थः पुस्तक ब्रेथ का विमोचन किया गया। हर्षवीर जैन, डॉ. बोर्नाली दत्ता, डॉ. सलिल भार्गव, डॉ. डॉली जोसेफ, डॉ. रमन शर्मा, डॉ. अश्विन सोंगारा, प्रवीण खारीवाल, डॉ. तनय जोशी, डॉ. भारत रावत, डॉ. तनय जोशी मौजूद थे।

मृत विश्वासियों का स्मरणोत्सव



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कैथोलिक विश्वासियों ने सभी मृत विश्वासियों की कब्रों को हार फूल से सजाकर एवं उन पर मोमबत्तियाँ जलाकर उन्हें भक्तिमय भाव से याद किया।

सम्पूर्ण विश्व कैथोलिक कलीसिया के साथ साथ इंदौर के कैथोलिक समाज ने सभी मृतक विश्वासियों का स्मरणोत्सव मनाया। जूनी इंदौर कब्रिस्तान और कंचन बाग़ कब्रिस्तान में दफनाए गए सभी मृत विश्वासियों की आत्म शांति के लिए प्रार्थना की ग़ई। बिशप थॉमस मैथ्यू, फादर संजय कुजूर ने अपनी भूमिका निभाई। बीएल अलवारिस ने उक्त जानकारी दी।

बैंक सेवानिवृत्त कर्मियों का महाअधिवेशन अगले माह होगा, देशभर से आएंगे बैंक कर्मी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बैंक सेवानिवृत्त कर्मियों का महाअधिवेशन अगले माह 15 से 17 दिसम्बर को होगा। इस आयोजन में देशभर के सेवानिवृत्त बैंक कर्मी जो महासंघ के सदस्य है वे शामिल होंगे। तैयारियों को लेकर हिन्दी साहित्य समिति में समितियों के प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर सदभावना रैली भी निकाली जाएगी। आयोजन से कई लोग जुड़े है।

संगीत के साथ गीत



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शौकीया गायक कलाकारों जिसमें शहर के डाक्टर प्रोफेसर, आफिसर्स, व्यवसायी गायकों ने स्वरांगिनी कराओके क्लब के मंच पर ग़ज़ल और मधुर गीतों की प्रस्तुति अभिनव कला समाज सभागृह में दी।

किसानों ने की प्राधिकरण में अधिकारी से पुराने मुद्दे पर चर्चा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। किसान नेता बबलू जाधव ने बताया कि अहिल्यापथ योजना को पूर्णतः निरस्त करने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप करकेटा से मिला और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। किसान पूर्व में दिए गए एक माह के आश्वासन की समय-सीमा पूरी होने के बाद अपनी मांगों को लेकर आईडीए कार्यालय पहुंचे थे। अधिकारी करकेटा ने कहा कि वे अभी आए है और दीपावली बाद पूरे मुद्दे को समझकर किसानों के साथ बैठक आयोजित करेंगे।



कार्निवाल मेला में गीत-संगीत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तुलसी नगर स्थित सरस्वती धाम में आयोजित दो दिवसीय 'कार्निवल मेला का समापन हुआ। स्टाल पर भी भीड़ रही वहीं गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी लोगों का रुझान रहा। मेला में सबसे ज्यादा खान-पान के स्टाल पर भीड़ रही, अन्य वस्तुएं भी खरीदी गई।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के साथ हनुमान चालीसा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चो के बीच पहुंचकर उन्हें सुन्दरकांड का महत्व बताया और चौपाई भी गायी गई। डॉ. रजनी भंडारी, पूर्णिमा रावत, पुष्पलता जोशी, पुष्पा अग्रवाल, चंदा शर्मा, प्रेरणा शेन्द्र, फ़िरदौस नाहिद मौजूद थे।

आनंदवन में संगीत आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आनंदवन-2, स्कीम नंबर 140 में सप्त स्वर आनंदम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय प्रस्तुति 22 गायकों द्वारा 36 पुराने गीतों के साथ दी गई।

संपादकीय

बच्चों में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति मोबाइल गेम्स की लत या सामाजिक माहौल का असर?

घटना के सामने आने के बाद स्कूल की दो शिक्षिकाओं और प्रधानाध्यापक को निलंबित किया गया, मगर क्या इसकी जड़ों की ओर देखने की कोशिश की जाएगी? पंचकूला की घटना में जो बच्चा बेलगाम दिखा, उसके बारे में भी यही खबर आई है कि वह मोबाइल पर कोई आक्रामक और हिंसक गेम खेलने का आदी था। हरियाणा में पंचकूला के एक स्कूल में महज तीसरी कक्षा के छात्र का जैसा बर्ताव सामने आया है, वह भविष्य के समाज के प्रति चिंतित और संवेदनशील किसी भी इंसान को परेशान करने के लिए काफी है। जिस उम्र में बच्चे साथ मिल कर खेलते हैं, आपस में झगड़ते हैं और थोड़ी देर बाद फिर पहले की तरह हंसते-खिलखिलाते हैं, उसमें एक बच्चा अगर किसी छोटी बच्ची पर बेरहमी के साथ जानलेवा हमला करता है, तो इसकी जड़ें कहां से निकल रही हैं? यह त्रासद घटना हाल ही में सामने आई, जब एक वीडियो में खाली कक्षा में आठ साल के एक छात्र ने छह वर्ष की बच्ची को बेलगाम तरीके से पीटा और बेहोश होने के बाद भी किसी वस्तु से जानलेवा हमला करता रहा। शर्मनाक यह है कि कई मिनट तक हुई यह घटना कक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो रही थी, लेकिन इतनी देर तक न तो कक्षा में कोई आया और न ही नियंत्रण कक्ष में स्क्रीन पर कोई देखने वाला था। अनदेखी से लेकर लापरवाही की पूरी श्रृंखला बताती है कि यह घटना जहां स्कूल में एक व्यापक कुप्रबंधन की है, वहीं सामाजिक उदासीनता आज एक ऐसी स्थिति निर्मित कर रही है, जिसमें छोटे बच्चे एक बड़े खतरे से दो-चार हैं। घटना के सामने आने के बाद स्कूल की दो शिक्षिकाओं और प्रधानाध्यापक को निलंबित किया गया, मगर क्या इसकी जड़ों की ओर देखने की कोशिश की जाएगी? पंचकूला की घटना में जो बच्चा बेलगाम दिखा, उसके बारे में भी यही खबर आई है कि वह मोबाइल पर कोई आक्रामक और हिंसक गेम खेलने का आदी था। स्मार्टफोन की लत ने लोगों के व्यक्तित्व को किस कदर विकृत करना शुरू कर दिया है, यह किसी से छिपा नहीं है। बच्चे इसका सबसे नाजुक शिकार बन रहे हैं। इस तरह के आभासी खतरे से अनजान माता-पिता प्यार के नाम पर बच्चों के इसके लत का शिकार होने की अनदेखी करते हैं।

ऑटो में बैठी बुजुर्ग महिला की सोने की चेन उड़ाई

लिफ्ट देकर बैठाया, बैंक के पास उतारकर हुए रफूचक्कर

इंदौर। छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में बुजुर्गों को निशाना बनाने वाली 'ऑटो गैंग' की करतूत सामने आई है। शातिर बदमाशों ने एक 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला को ऑटो में लिफ्ट दी और झांसा देकर उनके गले से सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता को जब तक चोरी का अहसास हुआ, तब तक आरोपी उन्हें उतारकर फरार हो चुके थे। पुलिस के अनुसार, फरियादी कान्ता पति गोपालदास गुप्ता (78), निवासी साउथ राज मोहल्ला की शिकायत पर अज्ञात ऑटो चालक व उसके साथियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है।फरियादी बुजुर्ग महिला ने पुलिस को बताया कि वे जवाहर मार्ग स्थित बुलडाणा बैंक के पास मौजूद थीं, तभी वहां एक बिना नंबर का ऑटो रिक्शा आकर रुका। ऑटो चालक ने उनसे कहा कि अम्मा, आप मेरे ऑटो में बैठ जाओ। महिला उस पर भरोसा करके ऑटो में सवार हो गईं। ऑटो की पिछली सीट पर एक पुरुष और एक महिला पहले से बैठे हुए थे।ऑटो चालक थोड़ी दूर आगे बढ़ा और जवाहर मार्ग स्थित एचडीएफसी बैंक के पास उसने बुजुर्ग महिला को उतार दिया। ऑटो से उतरने के बाद जब महिला ने संभाल की, तो उनके गले में पहनी हुई पेंडल वाली पुरानी सोने की चैन गायब थी। पीड़िता ने आशंका जताई है कि बिना नंबर के ऑटो चालक, उसमें पहले से मौजूद पुरुष और महिला साथी ने मिलकर भीड़ और झांसे का फायदा उठाकर उनकी सोने की चैन चुरा ली है। छत्रीपुरा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए हैं।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
140400	138950
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
181300	179200

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

जहर खाया, इलाज के दौरान हुई मौत

इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मारुति पैलेस इलाके में एक व्यक्ति द्वारा अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक लोकेंद्र पिता शंकर (45) निवासी मारुति पैलेस, चंदन नगर है। परिजनों को जब घटना की जानकारी लगी, तो वे तुरंत लोकेंद्र को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके। लोकेंद्र ने यह खौफनाक कदम किस वजह से उठाया, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। चंदन नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

इलेक्ट्रिशियन ने लगाई फांसी,मौत

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के कैलोत करताल में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की दुखद घटना सामने आई है। मृतक पेशे से इलेक्ट्रिशियन था। मृतक की पहचान विमल पिता अंबाराम (33) निवासी कैलोत करताल, तेजाजी नगर के रूप में हुई है। विमल पेशे से बिजली सुधारने का काम करता था। उसने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।

सहेली के रिश्तेदार ने शादी का झांसा देकर 3 साल तक किया दुष्कर्म

दूसरी जगह सगाई तय होने पर पीड़िता को दी सुसाइड की धमकी

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने सहेली की रिश्तेदारी का फायदा उठाकर युवती को प्रेमजाल में फंसाया और तीन साल तक दुष्कर्म किया। बाद में जब उसने दूसरी जगह सगाई कर ली और पीड़िता ने विरोध जताया, तो उल्टे उसे ही सुसाइड नोट लिखकर फंसाने की धमकी देने लगा। बाणगंगा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, निजी कंपनी में कार्यरत 22 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी दीपक पिता महाराम अहिरवार, निवासी विजय नगर के खिलाफ दुष्कर्म और धमकाने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी दीपक उसकी सहकर्मी सहेली का रिश्तेदार है, जिससे उसकी करीब 6 साल पुरानी पहचान थी। साल 2023 में आरोपी ने उसे शादी का प्रस्ताव दिया और भवानी नगर स्थित सहेली के घर बुलाकर पहली बार संबंध बनाए। इसके बाद वह जल्द शादी करने का दिलासा देकर पीड़िता को अलग-अलग होटलों में ले जाता रहा। बीते 2 अक्टूबर 2026 को भी आरोपी पीड़िता के घर आया था।

गत 20 अक्टूबर को आरोपी ने पीड़िता को फोन कर कहा कि घरवाले शादी के लिए नहीं मान रहे हैं। इसके कुछ ही दिनों बाद उसने साफ इनकार कर दिया कि अब हमारे बीच कुछ नहीं हो सकता, घरवालों ने मेरी सगाई दूसरी जगह तय कर दी है। जब पीड़िता ने धोखा देने का विरोध किया, तो आरोपी धमकी देने लगा कि अगर मुझ पर शादी का दबाव बनाया तो मैं खुदकुशी कर लूंगा और तुम्हें व तुम्हारे परिवार को फंसा दूंगा। पीड़िता ने आपबीती अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। बाणगंगा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी दीपक की तलाश शुरू कर दी है।

ड्रग्स तस्करी नेटवर्क से जुड़ा आरोपी गिरफ्तार



इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एम.डी. ड्रग्स तस्करी नेटवर्क से जुड़े सह-आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी का नाम मोहम्मद अरबाज उर्फ छोटू निवासी आजाद नगर है।पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। आरोपी अपने चाचा के साथ ऑटो डील का काम करता है, जिसके खिलाफ पूर्व से ही तुकोगंज थाने में हत्या के प्रयास और बलवा जैसे गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। गौरतलब है कि 25 अगस्त को क्राइम ब्रांच ने डीआरपी लाइन अस्पताल के सामने कार्रवाई करते हुए फैजान और इरशाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 52.71 ग्राम एम.डी. ड्रग्स जब्त की थी। पूछताछ के दौरान इस नेटवर्क में अरबाज की संलिप्तता सामने आई थी, जिसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 के तहत उसे दबोच लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से ड्रग्स की मूल सप्लाई चेन और अन्य साथियों के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है।

साईं सिटी में दूध व्यापारी के घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो चोरी

सीसीटीवी में लॉक तोड़कर गाड़ी ले जाते दिखे बदमाश



इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में बीती रात बेखौफ बदमाशों ने चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने साईं सिटी कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी एक दूध व्यापारी की स्कॉर्पियो कार का लॉक तोड़ा और उसे चुराकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी चरण गुर्जर निवासी ग्राम ढाबली, सिंगापुर टाउनशिप के पास, साईं सिटी ने शिकायत दर्ज कराई है कि सोमवार रात करीब ढाई बजे उन्होंने अपनी स्कॉर्पियो कार क्रमांक एमपी 13 एके 1352 रोजाना की तरह घर के बाहर पार्किंग में खड़ी की थी। सुबह करीब 4 बजे जब वे सोकर उठे तो कार गायब थी। घर के भीतर चाबी सुरक्षित मिलने पर उन्होंने तुरंत सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें तीन से चार बदमाश गाड़ी का लॉक तोड़कर उसे ले जाते हुए साफ नजर आए। घटना का पता चलते ही पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम और एसीपी पराग सैनी को सूचना दी। लसूड़िया पुलिस ने शहरभर में वायरलेस के जरिए अलर्ट जारी कर चोरी हुई स्कॉर्पियो और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

अवैध हथियार तस्करी करने वाला सप्लायर बड़वानी से गिरफ्तार



इंदौर। शहर में अवैध हथियारों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पूर्व में पकड़े गए तस्कर से जुड़े 'बैकवर्ड लिंकेज' के आधार पर कार्रवाई करते हुए हथियार सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को बड़वानी जिले से दबोच लिया है। डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार यह कार्रवाई अपराध क्रमांक 0133/2025 के तहत की गई है।इस मामले में पूर्व की कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच टीम ने राहुल जोशी, निवासी हजीरा रोड, ग्वालियर को रीजनल पार्क के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किया था। उस दौरान आरोपी के कब्जे से 04 देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद की गई थी।जुलाई 2025 में हुई गिरफ्तारी के बाद क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियारों के स्रोत का पता लगाने के लिए बैकवर्ड ट्रेसिंग शुरू की थी। गिरफ्तार आरोपी राहुल जोशी से लगातार पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बड़वानी के पलसूद निवासी सतवंत सिंह का नाम सामने आया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़वानी से हथियार तस्कर सतवंत सिंह को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में आर्म्स एक्ट की अन्य गंभीर धाराओं 25-ए-ए (27) का इजाफा किया गया है। फिलहाल, पुलिस आरोपी सतवंत सिंह से हथियारों के निर्माण, उनके मुख्य स्रोत, अन्य खरीदारों और इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य साथियों के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है।

खेत में पानी छोड़ने को लेकर विवाद, आरोपी ने फावड़ा लेकर दौड़ाया, पीड़ित ने घर में बंद होकर बचाई जान

इंदौर। खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम बरोदा कर्रा में खेत में जबरन पानी छोड़ने और मवेशी बांधने की बात पर विवाद हो गया। आरोपी ने पड़ोसी पर फावड़े से हमला करने का प्रयास किया, जिससे पीड़ित ने घर में भागकर जान बचाई। पुलिस के अनुसार, फरियादी बलराम दास पिता शंकरदास, निवासी ग्राम उपड़ीनाथा की शिकायत पर आरोपी दिनेश अग्रवाल और उसकी पत्नी नर्मदा बाई अग्रवाल दोनों निवासी ग्राम बरोदा कर्रा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि वह अपने खेत में सफाई करने गया था, जहां देखा कि पड़ोसी दिनेश ने उसके खेत में पानी छोड़ रखा है और अपने मवेशी भी बांध दिए हैं। जब उसने इस बात का विरोध किया, तो आरोपी दंपति गालियां देने लगे। इसके बाद दिनेश फावड़ा लेकर मारने दौड़ा। फरियादी ने भागकर अपने घर में शरण ली, तो आरोपी ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

गार्ड का अपराध छिपाया तो एजेंसी संचालक फंसे

सुरक्षा के लिए रखने वाले की थाना में नहीं दी थी पूरी जानकारी

इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसी के एक संचालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। संचालक ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले युवक को बिना पुलिस सत्यापन और थाने को सूचना दिए सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में एजेंसी संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, कार्रवाई भारत गार्ड सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड शिवनगर, मूसाखेड़ी के संचालक बैजनाथ पिता गणेश यादव, निवासी शिवनगर, मूसाखेड़ी के खिलाफ की गई है।मामला स्कीम नंबर 140 स्थित बीआरडी बिल्डिंग का है। जांच में सामने आया कि आरोपी संचालक बैजनाथ ने अपनी एजेंसी के माध्यम से अंकुश पिता सुशील नंद, निवासी बड़ी ग्वालटोली को सुरक्षा गार्ड के पद पर रखा था। हैरानी की बात यह है कि उक्त गार्ड अंकुश के खिलाफ पूर्व से ही कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी के नियमों के मुताबिक किसी भी गार्ड को रखने से पहले उसका पुलिस सत्यापन कराना और थाने में उसकी सूचना देना अनिवार्य होता है। लेकिन संचालक बैजनाथ ने नियमों की अनदेखी करते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के इस युवक को गार्ड पर रख लिया और इसकी कोई भी जानकारी स्थानीय थाने को नहीं दी। तिलक नगर पुलिस ने नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपी संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

नकली चेन को असली बता ले उड़ीं सोने की चेन

दो महिलाओं पर प्रकरण

इंदौर। तुकोगंज थाना क्षेत्र में लेंटर्न चौराहा स्थित एक ज्वेलरी दुकान पर पहुंची दो महिलाओं ने बड़ी चालाकी से ज्वेलर को झांसे में लिया और नकली चेन थमाकर उसकी एवज में असली सोने की चेन हड़प कर रफूचक्कर हो गईं। पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, यह वारदात गत 28 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे लेंटर्न चौराहा स्थित नाना भाई ज्वेलर्स की दुकान पर हुई थी। घटना को लेकर ज्वेलर दर्शन सोनी (निवासी जौहरी पैलेस कॉलोनी, अन्नपूर्णा ने तुकोगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है।फरियादी ने पुलिस को बताया कि घटना के वक्त दुकान पर दो महिलाएं आईं थीं। उन्होंने अपनी बातों के जाल में ऐसा उलझाया कि ज्वेलर को नकली चेन को ही असली सोने की चेन मानकर भरोसा हो गया। इसी धोखेबाजी का फायदा उठाकर महिलाओं ने दुकान पर मौजूद असली सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया और वहां से खिसक गई। जब तक ज्वेलर को ठगी का अहसास हुआ, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। शिकायत मिलने के बाद तुकोगंज पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस दुकान और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध महिलाओं की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। एक महिला की पहचान मीनाक्षी रघुवंशी निवासी परदेशीपुरा के रूप में सामने आई है, जबकि उसकी दूसरी साथी महिला अज्ञात है, जिसकी तलाश की जा रही है।

गाड़ी खड़ी करने के विरोध में खूनी संघर्ष में सरिये से हमला

घर के सामने पार्क करने को लेकर हुआ था विवाद, कर दिया लहूलुहान

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया काकड़ इलाके में घर के सामने से गाड़ी हटाने का कहने पर उपजे विवाद में बदमाशों ने एक युवक पर सरिये से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं और खून बहने लगा।

पुलिस के अनुसार, फरियादी प्रेमसिंह गौरे पिता रमेश गौरे, निवासी निपानिया काकड़ की शिकायत पर आरोपी ओंकारसिंह अहिरवार निवासी निपानिया काकड़, कन्हैया निवासी आशानगर, खजराना और कालु निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, खजराना के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ओंकारसिंह ने अपनी गाड़ी उनके घर के ठीक सामने खड़ी कर दी थी। जब प्रेमसिंह ने उससे गाड़ी साइड में लगाने को कहा ताकि उनके भाई की गाड़ी भी आ सके, तो ओंकारसिंह अकड़ गया और बोला कि गाड़ी नहीं हटाऊंगा, तुझे जो करना है कर ले। बात बढ़ने पर आरोपी ओंकारसिंह, कन्हैया, कालु और उनके साथियों ने मिलकर प्रेमसिंह के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया, तो आरोपियों ने लोहे के सरिये से उसकी पीठ और सिर पर वार कर दिए, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला-धार (म.प्र.)

क्रमांक/आब/स्टोर्स/2026/2956 धार, दिनांक 27-10-2026

:: निविदा विज्ञप्ति ::

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पत्र क्रमांक/9-लेखा/बजट/2025-26/E-1163732/1/1393928 दिनांक 26/10/2026 के परिपालन में सर्वसाधारण एवं टैक्सी परमिट वाले वाहन स्वामी ट्रेवल एजेंसी की विशेष जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है कि, कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला धार में आबकारी अपराधों पर नियंत्रण की दृष्टि से प्रवर्तन कार्य हेतु वर्ष 2026-27 की शेष अवधि (15/11/2026 से 31/03/2027) के लिये 02 (दो) अतिरिक्त वाहन की उपलंबन कार्य हेतु आवश्यकता है। वाहन अनुबंध की कार्यवाही गठित समिति द्वारा एनआईसी के पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निम्नानुसार सम्पन्न की जावेगी।

कार्यक्रम स्थल :- कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला धार (कलेक्टोरेट परिसर)

1	ई-टेंडर हेतु ऑनलाईन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि एवं समय	दिनांक 27.10.2026 से प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 11.11.2026 का अपरान्ह 12:00 बजे तक
2	समिति द्वारा ई-टेण्डर खोलने एवं निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय	दिनांक 11.11.2026 का अपरान्ह 12:05 बजे से कार्यवाही पूर्ण होने तक

ई-टेण्डर के माध्यम से वाहन अनुबंध की प्रकिया, शर्तें एवं निर्बधन NIC के पोर्टल (https://mptenders.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार में कार्यालयीन दिवस/समय में आकर प्राप्त की जा सकती है।

कोई भी (फर्म/ कंपनी) ई-टेण्डर की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। उक्त जानकारी पोर्टल (https://mptenders.gov.in) के होमपेज पर लाईव टैंडर के ऑप्शन के अंतर्गत आबकारी विभाग का चयन कर, एडवांस सर्च के माध्यम से जिले को सिलेक्ट कर जानकारी प्राप्त कर सकता है।

ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु आवेदक का एमपी टेण्डर्स के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना एवं डिजिटल सिग्नेचर होना अनिवार्य है।

ई-टेण्डर की प्रक्रिया हेतु पोर्टल में पंजीयन करने, भुगतान प्रक्रिया तथा ई-टेण्डर प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु टेंडरदाता NIC के पोर्टल के हेल्प डेस्क नम्बर 0120-4001 002, 0120-4001 005 अथवा 0120-4493395 पर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में जानकारी प्राप्त कर सकता है। साथ ही ई-मेल आई.डी. mptenders@mpsedc-com & supporte&proc@nic.in पर सूचित कर आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकता है।

ई-निविदा हेतु आवेदक को निम्नानुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे -

1. ई-टेण्डर प्रपत्र का मूल्य राशि रूपयें 1000/- (नॉन रिफण्डेबल)
2. ई-टेण्डर धरोहर राशि रूपयें 10,000/- का एफ.डी.आर. की प्रति।
3. आवेदक का पेन कार्ड/आधार कार्ड/बैंक पासबुक की प्रति।
4. निर्धारित प्रारूप में शपथ-पत्र।
5. जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन।
6. वाहन के रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं अन्य दस्तावेज की प्रति।

सहायक आबकारी आयुक्त,
जिला-धार (म.प्र.)

G-20877/26

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग कमांक 1 , इन्दौर

eepwdlind@mp.nic.in ph.no.0731-2490978

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 51/व.ले.लि/2026-27 इन्दौर दिनांक – 28.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देख जा सकता है।

स. क्र.	ऑनलाईन टेण्डर नं.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रू.)	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि	आमंत्रण क्रमांक
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWDRB_546003_1	बरोदा दौलत से मेनरोड से खुडैल सेमलिया चाऊ खेमाना फाटा का सडक निर्माण कार्य विद्युत कार्य सहित (पांचवा अमंत्रण)	390.56	390560.00	15000.00	240दिवस वर्षाकाल सहित	पांचवा आमंत्रण
2	2026_PWDRB_546004_1	संघवी अप्रोच रोड का मजबुतीकरण (कुल लंबाई 3.70 किमी)। (तृतीया आमंत्रण)	350.17	350170.00	15000.00	240 दिवस वर्षाकाल सहित	तृतीय आमंत्रण
3	2026_PWDRB_546005_1	एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (पीजीटी) इंदौर में विभिन्न कार्य। (डिपॉजिट कार्य)	32.64	50000.00	5000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
4	2026_PWDRB_546007_1	क्वार्टर न. बी-6 किला मैदान वी.आई.पी रोड इन्दौर के नवीनीकरण एवं मरम्मत का कार्य।	4.25	8500.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
5	2026_PWDRB_546008_1	इंदौर के बक्षी बाग अनुभाग अंतर्गत 'जी' टाइप, 'एच' टाइप एवं 'आई' टाइप शासकीय आवासों के सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	16.00	32000.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
6	2026_PWDRB_546009_1	इंदौर के किला मैदान अनुभाग अंतर्गत 'बी' टाइप एवं 'आई टाईप शासकीय आवासों के सामान्य मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	16.00	32000.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
7	2026_PWDRB_546011_1	इंदौर जिला उपसंभाग क्रमांक 1 के अंतर्गत इंदौर-नेमावर अनुभाग की विभिन्न सड़कों पर बी.टी. सड़क के पैच रिपेयर का कार्य।	19.90	39800.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
8	2026_PWDRB_546012_1	लोक निर्माण विभाग, जिला उपसंभाग क्रमांक 1, इंदौर के अंतर्गत इंदौर-खंडवा अनुभाग की विभिन्न सड़कों पर बी.टी. सड़क की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	19.70	39400.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
9	2026_PWDRB_546013_1	लोक निर्माण विभाग, जिला उपसंभाग क्रमांक 1, इंदौर के अंतर्गत इंदौर-अहमदाबाद अनुभाग की विभिन्न सड़कों पर बी. टी. रोड की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	19.60	39200.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
10	2026_PWDRB_546014_1	लोक निर्माण विभाग, जिला उपसंभाग क्रमांक 1, इंदौर के अंतर्गत विभिन्न सड़कों पर सी.सी. रोड की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	19.55	39100.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
11	2026_PWDRB_546015_1	लोक निर्माण विभाग, जिला उपसंभाग क्रमांक1, इंदौर के अंतर्गत विभिन्न क्षतिग्रस्त क्रॉस ड्रेनेज (सी.डी.) संरचनाओं की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य।	19.60	39200.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
12	2026_PWDRB_546017_1	लोक निर्माण विभाग, जिला उपसंभाग क्रमांक 1, इंदौर के अंतर्गत नेमावर अनुभाग, राजेंद्र नगर अनुभाग, इंदौर-अहमदाबाद अनुभाग एवं खंडवा अनुभाग में सर्वेक्षण, अन्वेषण एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.) तैयार करने का कार्य।	17.58	35160.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
13	2026_PWDRB_546018_1	रसलपुरा उपसंभाग, महू के अंतर्गत सर्वेक्षण, अन्वेषण एवं विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर) तैयार करने का कार्य।	14.83	29660.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
14	2026_PWDRB_546019_1	महू उपसंभाग के अंतर्गत न्यायालय परिसर, महू की मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य।	19.88	39760.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
15	2026_PWDRB_546020_1	रसलपुरा उपसंभाग, महू के अंतर्गत मुख्यालय स्थित विभिन्न शासकीय भवनों की मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य।	19.90	39800.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
16	2026_PWDRB_546021_1	रसलपुरा उपसंभाग, महू के अंतर्गत सिमरोल एवं वेटरनरी अनुभाग की विभिन्न परफॉर्मेंस गारंटी (पी.जी.) एवं वार्षिक अनुरक्षण (ए/आर) सड़कों पर बी.टी. पैच मरम्मत का कार्य।	19.75	39500.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
17	2026_PWDRB_546022_1	रसलपुरा उपसंभाग, महू के अंतर्गत विभिन्न वार्षिक अनुरक्षण (ए/आर) सड़कों पर बी.टी. पैच मरम्मत का कार्य।	19.70	39400.00	2000.00	90 दिवस वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
		कुल योग	1019.61				

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिडडॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुत कर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।
1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेकलिस्ट, 4. एफिडेविट 5. पीडब्ल्यूडी पंजीकरण 6. जीएसटी 7. पैन कार्ड 8.एनेक्चर-एच विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 29.10.2026 10:00 से दिनांक 18.11.2026 18:00 बजे तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एंव अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचारपत्रों में प्रकाशन नहीं किया जा कर सिर्फ वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, एनेक्चर-बी एफिडेविट (नॉन ज्यूडिशियल स्टाम 200/-)

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.सम्भाग क्र.1 इन्दौर

जी-20933/26

न्यूज इन बॉक्स

जैन ने तैराकी में जीते पदक



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तैराक हारमनी जैन ने सीबीएसई नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप 2026–27 में प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर गौरवान्वित किया। गर्ल्स अंडर-17 वर्ग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए हारमनी ने ओवरऑल चैंपियनशिप विनर ट्रॉफी भी अपने नाम की। भोपाल के स्कूल में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के 750 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। हारमनी ने 200 मीटर बटरफ्लाई, 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि 100 मीटर बटरफ्लाई और 50 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक जीतकर कुल पांच पदक अपने नाम किए।

मोहम्मद केफ ने जीता पदक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय बीच ग्रैपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन हरिद्वार में किया गया। देश भर से पहलवानों के कड़े मुकाबलों के बीच इंदौर के कुश्ती खिलाड़ी मोहम्मद केफ ने देश भर में तीसरा स्थान जीतकर कांस्य पदक प्राप्त किया। पदक के साथ जब अपने पैतृक गांव इंदौर जिले के सनावदिया पहुंचे तो उनका स्वागत किया गया।



कुश्ती संघ की वार्षिक बैठक



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। म.प्र. कुश्ती संघ की वार्षिक बैठक की गई, मुद्दों पर चर्चा भी हुई और सम्मान का आयोजन भी किया गया। सीनियर राज्य कुश्ती का आयोजन ग्वालियर में कराए जाने पर भी चर्चा हुई।

गिल-अय्यर के पास इतिहास रचने का मौका

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच कल से ऑकलैंड में पांच मैचों की वनडे सीरीज का आगाज होने जा रहा है। सीरीज का समापन 15 नवंबर को होगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी इस सीरीज में धमाल मचाते हुए नजर आएंगे। गिल भारत की टेस्ट और वनडे टीम के नियमित कप्तान हैं। हालांकि, गिल न्यूजीलैंड वनडे सीरीज में शुरुआती तीन मैचों में ही भारत की कमान संभालेंगे। उसके बाद गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी में जुट जाएंगे, जो 19 नवंबर से शुरू होगी। अय्यर न्यूजीलैंड के विरुद्ध चौथे और पांचवें वनडे में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। वह इस फॉर्मेट में भारत के नियमित उपकप्तान हैं। लेकिन अय्यर जब वनडे टीम की कमान संभालेंगे तो ईशान किशन उनके डिप्टी होंगे।

गिल और अय्यर के पास आगामी वनडे सीरीज में 50 सालों का सूखा समाप्त करके इतिहास रचने का मौका होगा। दरअसल, न्यूजीलैंड की धरती पर



अब तक किसी भारतीय कप्तान ने वनडे सेंचुरी नहीं लगाई है। भारतीय टीम 1976 से न्यूजीलैंड में वनडे सीरीज खेली रही है। गिल ने 2019 में वनडे डेब्यू न्यूजीलैंड में किया था। उन्होंने पिछली बार न्यूजीलैंड में वनडे सीरीज 2022 में खेली थी। वह अब बतौर कप्तान पहली मर्तबा यहां उतरेंगे। वहीं, अय्यर भी दो बार न्यूजीलैंड में वनडे सीरीज खेल चुके हैं। उन्होंने यहां साल 2020 और 2022 में तीन-तीन वनडे मैच खेले थे। 31 वर्षीय भारतीय टी20 टीम के कप्तान हैं।

रोहित-विराट जमकर पसीना बहा रहे

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वनडे सीरीज के लिए नेट्स में जमकर पसीना बहा रहे हैं। अन्यूजीलैंड का यह दौरा दोनों खिलाड़ियों को अपने खेल को और बेहतर बनाने और 2027 वनडे वर्ल्ड कप से पहले लय हासिल करने का एक और मौका देगा। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर होने के बावजूद 50 ओवर के फॉर्मेट में भारत की योजनाओं के लिए रोहित और कोहली अभी भी अहम खिलाड़ी बने हुए हैं। कोहली वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के बाद उतरेंगे, जहां उन्होंने तीन पारियों में 168 रन बनाए थे। रोहित भी इस साल शानदार फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने 12 वनडे पारियों में 50.33 की औसत और 104.67 के स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए हैं।

अंतर महाविद्यालयीन कबड्डी स्पर्धा में हुए रोचक मुकाबले

इंदौर। जिला स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन पुरुष कबड्डी स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस, इंदौर ने यू.टी.डी.,इंदौर को 35 पॉइंट्स से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।



इस स्पर्धा का आयोजन चमेली देवी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, इंदौर के द्वारा किया गया। इस 2 दिवसीय प्रतियोगिता में इंदौर जिले के 18 महाविद्यालयों ने भाग लिया। इस स्पर्धा के आधार पर इंदौर जिला टीम का चयन किया गया । जो आगमी सम्भाग स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता में भाग लेगी । महाविद्यालय द्वारा विजेता टीम का प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट रेडर का पुरस्कार रणजीत सिंह कॉलेज के खिलाड़ी ध्रुव मेहरा एवं बेस्ट कैचर का पुरस्कार भी रणजीत सिंह कॉलेज के कप्तान वंश गौड़ को दिया गया। महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज ने सेमीफाइनल में जीएसीसी, इंदौर को एवं क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आयोजक महाविद्यालय को हराया । महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज की इस उपलब्धि पर सतविंदर सिंह, प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर,डॉ. इरा बापना, डॉ.अनिल गुप्ता, डॉ.मितेश चौधरी क्रीड़ा अधिकार डॉ. निलेश मंडलोई ने टीम को अपनी बधाई दी।



सहोदया फुटबॉल चैंपियनशिप का आगाज

इंदौर। सुपर कॉरिडोर स्थित द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल, कैंपस-2 में सहोदया क्लस्टर-2 फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों की कुल 16 टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बाद आईपीएस इंदौर एवं राजेश्वर महू सहित दो अन्य टीमों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले आज खेले जाएंगे, जिसमें विजेता बनने के लिए टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर प्राचार्या रेनू गुरनानी, खेल अधिकारी अभिषेक यादव, विनोद फालक एवं गौरव शर्मा उपस्थित रहे।

इन्दौर के पूर्व क्रिकेटरो एवं अंपायरों को सफलता

इंदौर। एमपीसीए द्वारा आयोजित मैच रैफरी परीक्षा में इन्दौर को पांच पूर्व क्रिकेटरो एवं अम्पायरों ने सफलता हासिल कर इंदौर शहर का गौरव बढायाि आईडीसीए सचिव देवाषीष निलोसे ने बताया कि सफल रहे इंदौर के ही पूर्व आईडीसीए सचिव एवं बीसीसीआई अंपायर अमरदीप सिंह पठानिया, एमपीसीए के पूर्व सहसचिव एवं पूर्व क्रिकेटर अल्पेश शाह, पूर्व क्रिकेटर एवं स्टेट पेनल अंपायर डा. सुनील दुधाले, आईडीसीए अंपायर अमोल गुप्ते एवं विनिश शर्मा ने एमपीसीए द्वारा आयोजित मैच रैफरी परीक्षा में सफलता अर्जित की । सभी सफलता प्राप्त प्रतिभागियों को उनकी इस उपलब्धि पर आईडीसीए के मुख्य संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय, चैयरमेन संजय लुणावत, अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, पुर्व सचिव अमिताभ विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष विरेन्द्र यादव गुड्डा, सुखदेव सिंह घुम्मन, सहसचिव आनंद शिन्दे, संदीप चैधरी एवं कोषाध्यक्ष सुबोध गुप्ता व सभी पदाधिकारियों के साथ आईडीसीए के मैनेजर क्रिकेट ऑपरेशन सुधीर रसाल, जयंत वानखेडे एवं अभिषेक पंचोली द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

ग्लेन मैक्सवेल ने अचानक किया इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे विस्फोटक और मनोरंजक ऑलराउंडरों में शुमार ग्लेन मैक्सवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। वनडे फॉर्मेट से पहले ही संन्यास ले चुके मैक्सवेल ने अब टी20 और टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर द बिग शो का युग समाप्त हो गया है। हालांकि, मैक्सवेल दुनिया भर की टी20 फ्रेंचाइजी लीग्स में अपना धमाकेदार खेल जारी रखेंगे लेकिन वह अब कभी ऑस्ट्रेलिया की पीली जर्सी में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे।

मैक्सवेल का अंतरराष्ट्रीय करियर ऐसे कारनामों से भरा पड़ा है जिन्होंने क्रिकेट इतिहास के पन्नों में अपनी खास जगह बनाई है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में खेली गई उनकी नाबाद 201 रनों की पारी को वनडे क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक माना जाता है। गंभीर क्रैंप्स से जूझने के बावजूद उन्होंने सिर्फ पैरों के इस्तेमाल से छक्के जड़कर 91 रन पर 7 विकेट गंवा चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। यह वनडे इतिहास का पहला दोहरा शतक था जो 6ठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए लगा था। इसके अलावा 2023 में नीदरलैंड्स के खिलाफ सिर्फ 40 गेंदों में जड़ा गया शतक वनडे वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे तेज शतक है।

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मैक्सवेल का दबदबा अलग ही स्तर का रहा। वह टी20



अंतरराष्ट्रीय मैचों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाजों की सूची में टॉप पर रहे हैं। टी20आई में उनके नाम 5 शानदार शतक दर्ज हैं जिसमें श्रीलंका के खिलाफ पलीकेले में खेली गई नाबाद 145 रनों की नाबाद तूफानी पारी भी शामिल है। अपनी 360 डिग्री शॉट्स, अनोखे रिवर्स स्वीप्स और मैच का रुख पलटने वाली आक्रामक शैली के दम पर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को कई ऐतिहासिक जीत दिलाईं।

पलक ने जीता स्वर्ण पदक

इंदौर। एमए प्रथम वर्ष की छात्रा पलक मेवाड़ा ने सीधी संभाग स्तरीय क्रॉस कंट्री (10 कि. मी. रेस) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीत कर महाविद्यालय को गौरांवित किया । यह प्रतियोगिता सत्र 2026-27 भीरु लाल पाटीदार शासकीय महाविद्यालय महू द्वारा आयोजित की गई । जिसमें महाविद्यालय की खिलाड़ी ने सहभागिता की । इस प्रतियोगिता में 8 संभागों की लगभग 45 महिला खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

कुणाल ने जीता स्वर्ण पदक

इंदौर। न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल, इंदौर के सात खिलाड़ियों ने एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल, इंदौर में आयोजित एसजीएफआई जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण एवं दो रजत पदक अर्जित किए। प्रतियोगिता में कुनाल सोनैया ने अंडर-14 बालक वर्ग के 25 किलोग्राम से कम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा और निरंतरता का परिचय दिया। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर कुनाल ने 28 अक्टूबर 2026 को धार, मध्य प्रदेश में आयोजित एसजीएफआई संभाग स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।

गांजा, शराब, चाकू के साथ तीन धराए

विशेष अभियान में पुलिस को मिली सफलता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर में अवैध नशे के कारोबार और आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत द्वारकापुरी थाना पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक किलो से अधिक गांजा, भारी मात्रा में अवैध देशी शराब और धारदार खटकेदार चाकू के साथ तीन आरोपियों को दबोचा है। जब्त किए गए मादक पदार्थ और शराब की कुल कीमत करीब 57 हजार 349 रुपये आंकी गई है।

द्वारकापुरी थाना प्रभारी अजय कुमार नायर ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं। पुलिस टीम गश्त और निगरानी के दौरान अहीरखेड़ी काकड़ में ट्रांसफार्मर के पास पहुंची थी। वहां हाथ में थैली लिए खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर घबराकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लक्की मेथनिया पिता महेंद्र मेथनिया निवासी श्रीराम नगर, द्वारकापुरी बताया। तलाशी लेने पर उसकी थैली से 1 किलो 178 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 18 हजार रुपये है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गांजे के मुख्य स्रोत और तस्करी के नेटवर्क के बारे में पूछताछ शुरू कर दी है।

अवैध शराब सहित धराया



दूसरी कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अहीरखेड़ी ईंट भट्ठे के पास दबिश दी। यहां अवैध रूप से शराब बेचने के लिए खड़े एक युवक ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे घेरकर पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान अमर पिता आत्माराम पड़िवाल निवासी गिरनारी गार्डन के पास, परदेशीपुरा के रूप में हुई। उसके पास रखी दो प्लास्टिक की बोरियों की तलाशी लेने पर उसमें 361 क्वार्टर देशी लाल मसाला शराब मिली। कुल मात्रा 64.980 बल्क लीटर पाई गई, जिसकी कीमत 39,349 रुपये है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शराब के अवैध स्रोतों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

चाकू लेकर घूमते पकड़ाया



तीसरी कार्रवाई के तहत पुलिस को सूचना मिली थी कि सूर्यदेव नगर पानी की टंकी के पास एक संदिग्ध युवक के पास धारदार हथियार है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से करीब 9 इंच लंबा लोहे का धारदार खटकेदार चाकू मिला। आरोपी की पहचान नयन पिता महेश बौरासी निवासी भागीरथपुरा, बाणगंगा के रूप में हुई। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

रहवासी क्षेत्र के घर में चल रही थी अवैध पटाखों की दुकान

1 लाख की सामग्री जब्त दुकानदार गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



दीपावली के मद्देनजर शहर में अवैध रूप से पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में हीरानगर थाना पुलिस ने श्याम नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए एक घर के बरामदे में अवैध रूप से चलाई जा रही पटाखों की दुकान का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से करीब 1 लाख रुपये कीमत की पटाखा और विस्फोटक सामग्री जब्त कर दुकानदार को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि श्याम नगर मेन क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने घर में भारी मात्रा में पटाखे जमा कर असुरक्षित तरीके से बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जांच के दौरान एक मकान के बरामदे में दुकान सजाकर पटाखे बेचे जा रहे थे। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनोज पिता हरिशंकर बताया। जब पुलिस ने पटाखों के भंडारण और बिक्री से जुड़ा वैध लाइसेंस मांगा, तो आरोपी कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका।रहवासी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखकर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने पर पुलिस ने घर के बाहर रखी पटाखों की पूरी खेप जब्त कर ली। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत करीब 1 लाख रुपये आंकी गई है। हीरानगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

अवैध देशी पिस्टल और चार कारतूस के साथ धराया

इंदौर। सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र के दौलतगंज इलाके में पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक बदमाश को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दौलतगंज क्षेत्र में घेराबंदी कर एक संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अशरफ निवासी चंपाबाग बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल और चार कारतूस बरामद हुए।

बेटे को घर का हिस्सा देने से मना करने पर पिता को किया लहूलुहान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मारपीट भी की और सिर भी फोड़ा

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदा नगर इलाके में नशे में धुत बेटे ने घर में हिस्सा मांगने को लेकर अपने ही पिता के साथ जमकर मारपीट की और नुकीली वस्तु से हमला कर उनका सिर फोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, फरियादी चंद्रशेखर पिता शिवपाल श्रीवास, उम्र 61 वर्ष, निवासी नंदा नगर ने अपने बेटे ओमप्रकाश के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी पिता चंद्रशेखर ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा ओमप्रकाश शराब के नशे में धुत होकर घर आया था। घर पहुंचते ही वह उनसे कहने लगा कि मुझे घर में मेरा हिस्सा चाहिए और गालियां देने लगा। जब पिता ने उसे गाली देने से मना किया, तो वह हिंसक हो गया और उनके साथ मारपीट व झूमाझटकी करने लगा।विवाद के दौरान गुस्से में आकर आरोपी बेटे ने घर में रखी कोई नुकीली वस्तु उठाई और सीधे पिता के सिर पर दे मारी। इस हमले में चंद्रशेखर के सिर से गंभीर खून बहने लगा।

ग्राहकों से विवाद में ढाबा मालिक पर हमला

डंडे-पाइप से वार कर फोड़ा सिर

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित 'साईधाम ढाबा कुसुम वाटिका' पर ग्राहकों से गाली-गलौज और विवाद करने से रोकने पर ढाबा संचालक पर हमला कर दिया गया। पड़ोसी दबंग और उसके परिजनों ने मिलकर ढाबा मालिक की डंडे और लोहे के पाइप से पिटाई कर दी, जिससे उसका सिर फूट गया। पुलिस के अनुसार, पीड़ित प्रमेंद्र सिंह पिता किशोर सिंह रघुवंशी निवासी न्यू दुर्गा नगर की शिकायत पर आरोपी संदीप चौहान, उसके भाई नितिन, हरिओम और पिता चंपालाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी संदीप ढाबे पर बैठे ग्राहकों से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद कर रहा था। जब प्रमेंद्र ने उसे ऐसा करने से रोका, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर संदीप दौड़कर घर गया और अपने भाइयों व पिता के साथ लाठी-डंडे और लोहे का पाइप लेकर आ गया। आरोपियों ने प्रमेंद्र के सिर पर पाइप से वार कर दिया और लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। घटना के बाद आरोपी धमकी देकर भाग निकले।

गुंडे के भांजों का आतंक... युवक पर चाकू से हमला

मामा को पुलिस से पकड़वाने के शक में चंपाबाग पुल के पास मारपीट के बाद दिया चाकूबाजी की वारदात को अंजाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में जवाहर मार्ग पर रंगबाजी और रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। गुंडे हारून रंगीला को पुलिस से पकड़वाने के शक में बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट की और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए।



पुलिस के अनुसार, फरियादी इरफान पिता इकरामुद्दीन नागौरी, निवासी नंदन नगर की शिकायत पर आरोपी फैजान उर्फ काला निवासी चंपा बाग, रिजवान और सलमान दोनों निवासी साउथ तोड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी फैजान क्षेत्र के कुख्यात गुंडे हारून रंगीला का भांजा बताया जा रहा है।फरियादी इरफान ने पुलिस को बताया कि वह अपने रिक्शा से जवाहर मार्ग स्थित बोहरा मस्जिद के पास पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि चंपाबाग पुल के पास उनके भांजे आदिल पिता मोहम्मद जाकिर को फैजान उर्फ काला और सलमान पकड़े हुए थे और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से पीट रहे थे। इरफान ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और दोनों पक्षों को अलग कराकर आदिल को बोहरा मस्जिद के पास ले आए।इसके बाद आरोपी फैजान, रिजवान और सलमान पीछा करते हुए बोहरा मस्जिद के पास पहुंच गए। आरोपियों ने आदिल से कहा कि तूने हमारे मामा हारून रंगीला को पुलिस से पकड़वाया है, तू ज्यादा तेज चल रहा है। इतना कहते ही आरोपी फैजान उर्फ काला ने अपने पास रखा चाकू निकाला और आदिल के सिर के पीछे और बायीं जांघ पर दे मारा। चाकू लगते ही आदिल लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा, सम्पादक:- महेश मूंगड़ 98273-69587।

RNI NO. MPHIN/2005/15582
cityblastindore@gmail.com